

Patna University In News (11.0.2022)

दैनिक जागरण

आत्महत्या रोकने में परिवार की होती महत्वपूर्ण भूमिका

जासं, पटना: मनोविज्ञान विभाग, पटना विश्वविद्यालय में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि डा. मनोरंजन प्रसाद, क्लीनिकल साइकोलोजिस्ट, सीआरसी, पटना तथा आइपीआरएस के निदेशक, डा. इफ्तेखार हुसैन मौजूद थे। डा. मनोरंजन प्रसाद ने कहा की आत्महत्या को रोकने में सबसे कारगर भूमिका परिवार की होती है। कार्यक्रम में भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में 19 एवं पोस्टर प्रतियोगिता में आठ विद्यार्थी शामिल हुए। भाषण प्रतियोगिता में अविनाश कुमार मिश्रा ने प्रथम, कोमल ने द्वितीय, रिशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । पोस्टर प्रतियोगिता में रोहित कुमार साहा ने प्रथम, कायनात ने द्वितीय , हंसिका आनंद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डा. इफ्तेखार हुसैन ने विजयी प्रतिभागियों के नामों की घोषणा की।